विश्व हिन्दी दिवस - 2021

दिनांक 10 जनवरी, 2021 को सुबह 10:30 बजे महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर ऑनलाइन संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन श्री कृष्ण देव प्रसाद , महाप्रबंधक (प्रप्रशिसं/राजभाषा) की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें संकाय सदस्य के रूप में श्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा , सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, पुणे से सम्मिलित हुए। श्री वर्मा ने “हिन्दी के क्षेत्र में उपयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीकी” विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होने अपने व्याख्यान में माइक्रोसॉफ़्ट 365 तथा एमएस ऑफिस 2019 के तकनीकी फीचर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के क्षेत्र में इनकी उपयोगिता से भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में एमसीएल के क्षेत्रों एवं विभागों तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी, कर्मचारी तथा अन्य राजभाषा प्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए।